**बुद्ध काल या मौर्यपूर्व काल का इतिहास**

**भाग:-1**

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

प्राचीन इतिहास विभाग

SNSRKS COLLEGE SAHARSA

---

बुद्ध काल या पूर्व मौर्य काल या 600-321 BC का काल खंड सामाजिक, राजनतिक, आर्थिक, धार्मिक आदि दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण काल था. इसमें परिवर्तन के साथ-साथ निरन्तरता के तत्व भी विद्यमान थे| इसमें एक ओर जहाँ कुछ क्षेत्र में व्यापक तौर पर क्रांतिक परिवर्तन हुए वहीं कुछ तत्व अपने पुराने रूप में बने रहें| इस काल में कुछ ऐसी भी घटनाएं हुई जिसने अन्य घटनाओं पर प्रत्यक्ष एवं निर्णायक प्रभाव डाला| हम इस लेख में इस काल के इतिहास की प्रमुख चीजों को बता रहे है|

**बुद्ध काल या मौर्यपूर्व काल के जानकारी के स्त्रोत**

पूर्व मौर्य काल के बारे में जानकारी साहित्यिक एवं पुरातात्विक दोनों स्त्रोतों से प्राप्त होती है|

**बुद्ध काल या मौर्यपूर्व काल के जानकारी के साहित्यिक स्त्रोत**

ब्राह्मण साहित्य, बौद्ध साहित्य तथा जैन साहित्य जैसे साहित्यक स्त्रोतों से इस काल के बारे में जानकारी मिलती है.